

SHRI SANJEEV SURENDRA KAPOOR

Shri Sanjeev Surendra Kapoor has inspired many to take up cooking as a career while pursuing his mission of making Indian cuisine number one in the world and professing healthy cooking habits. Currently he is working in collaboration with the FIRD ministry on providing nutritious meals to economically backward children for the students of all the 598 Jawahar Navodaya Vidyalayas (JNV). To develop qualified skills in his chosen field, Shri Sanjeev Kapoor started a college in collaboration with Symbiosis University by the name of Symbiosis School of Culinary Arts in 2016. Shri Sanjeev Kapoor has been assigned the task of providing nutritious, balanced meals for prisoners at Mumbai's Arthur Road jail. He is also on board with Indian Railways for crafting the menu for their new train project 'Tejas'. Incidentally Shri Sanjeev Kapoor has been on the culinary board of Singapore Airlines for more than a decade.

2. Born on April 10, 1964 in Ambala Cantt, Shri Kapoor completed his Hotel Management from the Institute of Hotel Management, PUSA, Delhi and Bachelors in Commerce in honours from the Delhi University. He became one of the youngest Executive Chefs in the country at the age of 28 years and has worked in different capacities as a Chef in many leading hotels and restaurants across the world. Shri Sanjeev Kapoor has been a pioneer on Indian television as the host of India's longest running cookery show (17 years) - Khana Khazana on Zee Television which raked a viewership of 150 million across 140 countries. He also has a strong social media presence with over 15,000 tested recipes and 10 million page views per month on his website, over 1.3 million subscribers on YouTube and close to 5 million fans on Facebook.

3. Shri Kapoor founded the restaurant chain SK Restaurants that currently has 70 restaurants across 6 brands in 45 cities across 10 countries. He is also the first Chef in the world to own a 24 hour television channel Food Food. An author of over two hundred cook books, he powers Indian food content worldwide through platforms like Microsoft and has developed a range of value added food products, restaurants and kitchen appliances. He has cooked for many dignitaries, the most recent one being PM Narendra Modi. His brand Wonderchef, which he launched in 2009, has a business model that empowers over 25,000 women. He has also been helping the cause of Autism by supporting NGO "Forum for Autism" for over 10 years. He has been closely working with Akshyapatra for fund raising efforts across the globe.

4. Shri Kapoor has been the recipient of numerous awards and honours. He was conferred the 'Best Chef of India' award by the Government of India. He represented India in the World Association of Chefs' Societies (WACS) in South Korea where he introduced Ayurvedic cooking. He featured in the Reader's Digest list of 100 of India's Most Trusted people since Independence. He is the Indian ambassador for United Nation's initiative Global Clean Cook Stoves campaign. He represented India as a Food ambassador under the Spanish Government's Indian Future Leaders Programme (IFLP). He has done cookery shows all over the globe with famous culinary personalities. He was the Chief Judge for Master Chef India Season 3 and 4. His biopic on Star World was a part of an exclusive series titled Achiever's Club. He won the "Mercury Gold Award" at 1FCA, Geneva for 'Best Meal Concept and Creation' for Air India. Brand Sanjeev Kapoor was launched, from the House of Commons, London in 2009. His book 'How to Cook Indian' was published and printed in US and UK. His book, 'aah! Chocolate' has been awarded the "Gourmand Best Cookbook Photography" and the "Best in the World" at the Gourmand World Cookbook Awards. He is the only culinary personality ever featured in the Forbes list of top 100 Indian celebrities.



श्री संजीव सुरेंद्र कपूर

श्री संजीव सुरेंद्र कपूर एक ऐसे प्रेरणादायी व्यक्तित्व हैं जिन्होंने भारतीय व्यंजनों को विश्व के सर्वोत्तम व्यंजनों के रूप में प्रतिष्ठित किया है तथा जिन्होंने स्वास्थ्यप्रद पाक कला का विस्तार किया और अनेक व्यक्तियों को पाक शास्त्र को अपने कैरियर के रूप में चुनने के लिए प्रेरित किया है। वर्तमान में आप 598 जवाहर नवोदय विद्यालयों के छात्रों हेतु आर्थिक रूप से पिछड़े बच्चों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने के लिए मानव संसाधन विकास मंत्रालय के साथ सहयोग कर रहे हैं। अपने पसंदीदा क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण कौशल के विकास के लिए आपने सिम्बायोसिस विश्वविद्यालय के साथ मिलकर वर्ष 2016 में सिम्बायोसिस स्कूल ऑफ कलिनरी आटर्स नामक महाविद्यालय की शुरूआत की है। आपको मुम्बई के आर्थर रोड जेल के कैदियों को पौष्टिक एवं संतुलित आहार उपलब्ध कराने का कार्य सौंपा गया। आप भारतीय रेल की नई रेल परियोजना 'तेजस' के लिए मेन्यू बनाने का कार्य भी देख रहे हैं। साथ ही आप पिछले एक दशक से अधिक समय से सिंगापुर एयरलाइंस के कलिनरी बोर्ड में भी रहे हैं।

2. आपका जन्म 10 अप्रैल, 1964 को अंबाला कैंट में हुआ। आपने इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, पूसा, दिल्ली से होटल प्रबंधन का पाठ्यक्रम पूरा किया तथा दिल्ली विश्वविद्यालय से बी.कॉम ऑनर्स किया। आप 28 वर्ष की आयु में देश के सबसे कम आयु के कार्यकारी शैफ बने तथा विश्व के कई प्रसिद्ध होटलों एवं रेस्तरां में शैफ के रूप में कार्य कर चुके हैं। आपने ज़ी टेलीविज़न पर खाना-खजाना नाम से भारत के सबसे लंबा चलने वाला कुकरी शो (17 वर्ष) चलाकर भारतीय टेलीविज़न के इतिहास में पुरोधा व्यक्तित्व के रूप में स्वयं को स्थापित किया। आपकी सोशल मीडिया उपस्थिति अत्यंत व्यापक है एवं आपके पास 15,000 से अधिक जांच की जा चुकी रेसिपी तथा आपकी वेबसाइट पर प्रति माह 10 मिलियन पेज व्यूज़ होते हैं तथा यू ट्यूब पर आपके 1.3 मिलियन सब्सक्राइबर तथा फेसबुक पर लगभग 5 मिलियन फैन्स हैं।

3. आपने एस.के.रेस्तरां नामक रेस्तरां चेन की स्थापना की। जिसके 10 देशों के 45 शहरों में 6 ब्रांडों के 70 रेस्तरां हैं। आप 24 घंटे टेलीविजन चैनल फूड फूड के स्वामित्व वाले विश्व के प्रथम शैफ हैं। आपने 200 से अधिक कुक बुक्स लिखी हैं एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य उत्पादों, रेस्तरां एवं किचन एप्लाएंस के कई एक उत्पादों का विकास किया है। आपने अनेक गणमान्य व्यक्तियों, जिनमें हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी शामिल हैं, के लिए खाना बनाया है। वर्ष 2009 में आपके द्वारा शुरू किये गए वंडर शैफ नामक ब्रांड के पास एक ऐसा बिजनेस मॉडल है जिसके अंतर्गत 25,000 से अधिक महिलाओं का सशक्तिकरण किया गया है। आप 10 वर्षों से 'फोरम फॉर ऑटिज़्म' नामक एनजीओ की सहायता करके ऑटिज़्म हेतु, भी सहायता पहुंचा रहे हैं। आप अक्षय पात्र के साथ निकटतापूर्वक कार्य करते हुए संपूर्ण विश्व में निधियां जुटाने के प्रयास में सहायता कर रहे हैं।

4. आपको अनेक पुरस्कारों एवं सम्मानों से सम्मानित किया जा चुका है। भारत सरकार द्वारा आपको 'बेस्ट शैफ ऑफ इंडिया' पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। आपने दक्षिण कोरिया में वर्ल्ड एशोसिएशन ऑफ शैफस सोसायटी में भारत का प्रतिनिधित्व किया जहां आपने आयुर्वेदिक पाक शास्त्र से विश्व को परिचित कराया। स्वतंत्रता से लेकर अब तक भारत के सर्वाधिक विश्वसनीय 100 व्यक्तियों की सूची में आपको रीडर्स डाइजेस्ट द्वारा शामिल किया गया है। आप संयुक्त राष्ट्र संघ की पहल, ग्लोबर क्लीन कुक स्टोवस अभियान के भारतीय प्रतिनिधि हैं। आपने स्पेन सरकार के इंडियन फ्यूचर लीडर्स प्रोग्राम (आईएलएफपी) के अंतर्गत फूड एम्बेसडर के रूप में भारत का प्रतिनिधित्व किया। आपने पाक शास्त्र के सुप्रसिद्ध व्यक्तित्वों के साथ विश्व भर में कुकरी शो किये हैं। आप मास्टर शैफ इंडिया सीज़न 3 एंड 4 के मुख्य जज थे। स्टार वर्ल्ड पर आपकी बायोपिक, अचीवर्स क्लब के नाम से एक विशेष श्रृंखला के भाग के रूप में थी। आपने आईएफसीए, जैनेवा में एयर इंडिया के लिए 'बेस्ट मील कांसेप्ट एंड क्रिएशन' के लिए 'मरकरी गोल्ड अवार्ड' जीता। वर्ष 2009 में हाउस ऑफ कॉमन्स लंदन से ब्रांड संजीव कपूर लांच किया गया। आपकी पुस्तक 'हाऊ टू कुक इंडियन' संयुक्त राज्य अमेरिका एवं यूनाइटेड किंग्डम में प्रकाशित की गई एवं छापी गई। आपकी पुस्तक 'आह चौकलेट' को गौरमेंड वर्ल्ड कुक बुक पुरस्कार समारोह में 'गौरमेंड बेस्ट कुक बुक फोटोग्राफी' एवं 'बेस्ट इन द वर्ल्ड' पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। आप शीर्षस्थ 100 भारतीय सेलेब्रेटियों की फोर्ब्स सूची में शामिल होने वाले एकमात्र पाक शास्त्र विशेषज्ञ हैं।